तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जून 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

10 भाजपा हथबंद नवापारा मंडल ने मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



12 महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज का आयोजन






## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 20.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार**। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 से 23 जून तक 20.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील पलारी में 36.9 मिमी, टुण्डरा में 28 मिमी, भाटापारा में 26.7 मिमी, सिमगा में 26.8 मिमी, सोनाखान 4.9 मिमी, लवन 5.3 मिमी, कसडोल 9.3 मिमी, सुहेला 37.5 मिमी एवं बलौदाबाजार में 12 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 187.4 मिमी अभी तक दर्ज की गई है, जिसकी औसत वर्षा 20.8 मिमी है।

### गांजा तस्करी के आरोपी को 10 साल कैद, जुर्माना भी

**रायपुर**। गंज थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की कोर्ट ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उत्तरप्रदेश, मेरठ निवासी अंकित जाटव को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने अंकित के कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त की थी। आरोपी गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में था।

### किशोरी से रेप मामले में आरोपी को 20 वर्ष कैद

**रायपुर**। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व किशोरी को धमकी देकर रेप करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश अनिता ध्रुव की फास्ट ट्रैक पाक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सुनीता साहू के अनुसार, कोर्ट ने मनोज महिलांग को कैद की सजा सुनाई है। किशोरी के पिता ने 4 जून 2025 को मनोज के खिलाफ अपनी बेटी के खिलाफ रेप करने की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर रेप करता था। किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को अपनी बेटी के साथ रेप होने की जानकारी मिली।

### पिता के साथ मारपीट

**महासमुंद**। पिता के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड 10 निवासी सूरज जांगड़े ने बताया कि 23 जून को वह अपने घर में था। सुबह करीब 08 बजे अपने छोटे पुत्र कृष्णा जांगड़े को समझा रहा था कि समझाते हुए कामकाज करने के लिए कह रहा था। इसी दौरान बड़ा पुत्र विष्णु जांगड़े डंडा लेकर आया कृष्णा को क्यों डांट रहे हो कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से सिर में मार कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जनगणना के आंकड़े गोपनीय इन्हें जारी नहीं किया जाता

**रायपुर**। नगर पालिक निगम रायपुर की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के आंकड़े पूरी तरह गोपनीय होते हैं, इन्हें जारी नहीं किया जात। नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग द्वारा राजस्व वसूली जीआईएस सर्वे और डोर टू डोर सर्वे पर आधारित होती है। नगर निगम उपायुक्त जनगणना जसदेव सिंह बाबरा ने जानकारी दी है कि जनगणना कार्य के दौरान संकलित किए गए व्यक्तिगत आंकड़ों का उपयोग किसी भी तरह से विभाग द्वारा नहीं किया जाता है।

**आयोजन : सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर**

# धान के बदले अन्य फसल की खेती के लिए होगा 10 हजार हेक्टेयर का निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के विस्तार के सम्बन्ध में धान के बदले अन्य फसल दलहन, तिलहन एवं कपास की खेती के लिये जिले के किसानों को प्रोत्साहित करने तथा लगभग 10 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारण के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बताया क्रि कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ सीजन में धान के.बदले अन्य फसल लेने पर राज्य शासन द्वारा किसानों को 11 हजार रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि को बढाकर 15 हजार रुपए किया गया है। उन्होंने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया क्रि शासन की मंशानुसार इस योजना का लाभ किसानों को देने के लिये जागरूकता अभियान चलाने तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अलग-अलग गांव में किसानों के खसरा होने पर सभी खसरों का एग्रीस्टेक में पंजीयन के लिए पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं समिति प्रबंधको की बैठक लेकर सभी खसरो का पंजीयन कराने के निर्देश दिये।

- 31 हितग्राही मूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर



### कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में जल कर वसूली को गंभीरतापूर्वक लेते हुए वसूली में प्रगति लाने तथा जिन पंचायतों द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है वहां के सचिव पर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व न्यायलयों में लंबित प्रकरणो को माह जुलाई तक निराकरण करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन लाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत, स्वामित्व योजना आदि की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, ए.आर.टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### छूटे हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

कलेक्टर ने राज्य शासन की महत्वपूर्ण सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा क्रि 31 हितग्राहीमूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिये ग्राम पंचायत, क्लस्टर एवं ब्लॉक मुख्यालय में शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियो को विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत ग्राम पंचायतवार छूटे हुए हितग्राही की संख्या की जानकारी तैयार कर शिविर के दौरान सभी हितग्राही को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने निःशक्त पीताम्बर को दिया लैपटॉप

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर जनदर्शन लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का माध्यम के साथ ही संवेदनशील पहल का मिसाल भी बनता जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जनदर्शन में कुलदीप शर्मा ने दृष्टि बाधित दिव्यांग पीतांबर बंजारे को आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए एक लैपटॉप प्रदान किया। ग्राम लरिया निवासी 23 वर्षीय पीताम्बर बंजारे ने अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जन्म से ही दोनों आंखों से दृष्टिबाधित पीताम्बर ने अपनी कठिन परिस्थितियों के बावजूद शासकीय दृष्टिहीन एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, मठपुरैना से 12वीं की शिक्षा पूर्ण की तथा दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर से बीए अंतिम वर्ष उत्तीर्ण किया है। वर्तमान में वे एमए में प्रवेश लेने की तैयारी के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं। युवक की लगन, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सीएसआर मद से उसे लैपटॉप उपलब्ध कराया। लैपटॉप प्राप्त करने के बाद पीताम्बर बंजारे ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें अध्ययन सामग्री तक पहुंचने, ऑनलाइन पढ़ाई करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस सहयोग के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।



# गर्भवती प्रेमिका को धोखा देकर खुदकुशी के लिए मजबूर करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिविल लाइन क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर नौकरी कर रही 26 वर्षीय व्यावसायिक शिक्षिका की आत्महत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया, उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भवती होने के बाद शादी से इनकार कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। इसी प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

पुलिस के अनुसार मृतका बलौदाबाजार के समीप चांपा स्थित शासकीय विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं और सिविल लाइन क्षेत्र में किराए के मकान में रहती थीं। सोमवार 22 जून को उनका शव कमरे में पंखे से लटका मिला ▶▶ शेष पेज 11 पर



### आरोपी न्यायालय में पेश होगा

पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक कुमार जायसवाल 30 वर्ष, पिता ओमप्रकाश जायसवाल, निवासी ग्राम निमधा, थाना मरवाही, जिला पेंड्रा, हाल निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को

### सुसाइड नोट और दीवार पर लिखे संदेश बने अहम साक्ष्य

घटना के बाद पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कमरे की दीवार पर चिपकी एक पर्ची और अंग्रेजी में लिखा संदेश मिला, जिसमें मृतका ने अपनी मौत के लिए अभिषेक जायसवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस के अनुसार सुसाइड नोट में भी आरोपी की प्रताड़ना और धोखे का उल्लेख किया गया है।

### तकनीकी साक्ष्यों से हुई पुष्टि

पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मृतका एवं आरोपी के मोबाइल फोन से प्राप्त स्क्रीनशॉट तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण किया। जांच में आरोपी द्वारा प्रताड़ित किए जाने और मृतका के गर्भवती होने संबंधी तथ्यों की पुष्टि होने के बाद आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### बायो एनर्जी में चोरी, चार नाबालिगों समेत 5 गिरफ्तार



**रायपुर**। उरला थाना क्षेत्र के एक बायो एनर्जी कंपनी में लाखों रुपए का माल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार नाबालिगों सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बेंद्री स्थित धनीराम बायो एनर्जी के सुपरवाइजर गोपाल मिश्रा की शिकायत पर पुलिस ने संदीप निषाद तथा उसके चार अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। सुपरवाइजर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि रविवार को अज्ञात आरोपी कंपनी के अंदर प्रवेश कर 16 नग लाइट, 100 फीट केवल, वेल्डिंग मशीन, ग्रेंडर, ब्लूवर, ड्रिल मशीन, 4 बंडल वायर, डब्ट का पूरा सेट, चाईना मशीन के पाट्र्स चोरी कर ले गए थे।

# गौशाला में आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत, चरवाहे बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

बलौदाबाजार जिले के कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजादेवरी स्थित गौशाला में गाज गिरने से 10 मवेशियों की मौत हो गई। घटना के वक्त मौके पर 200 से अधिक मवेशी और चरवाहे मौजूद थे। गनीमत रही कि चरवाहों ने सूझबूझ दिखाई और वे इसकी चपेट में आने से बच गए। इस हादसे से गौशाला प्रबंधन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है, वहीं एक साथ 10 गायों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

- महुआ पेड़ के नीचे खड़ी थीं गायें

मिली जानकारी के अनुसार, राजादेवरी स्थित गौशाला के चरवाहे रोजाना की तरह करीब 200 मवेशियों को चराने के लिए निकले थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और मूसलाधार बारिश के साथ कड़कती हुई बिजली गिरने लगी।



प्रत्यक्षदर्शी चरवाहों ने बताया कि मौसम खराब होते ही वे खुद को सुरक्षित रखने के लिए तुरंत खुले मैदान की ओर चले गए और किसी पेड़ या ऊंची संरचना के नीचे खड़े नहीं हुए। लेकिन, गायें स्वाभाविक रूप से बारिश से बचने के लिए वहां मौजूद एक महुआ पेड़ के नीचे जाकर खड़ी हो गईं। इसी बीच महुआ पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से 10 मवेशियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चरवाहों का कहना है कि अगर वे भी पेड़ के नीचे होते, तो एक बड़ा जनहानि का हादसा हो सकता था।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और गौशाला प्रबंधन से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों में इस क्षेत्र में इस तरह की यह पहली बड़ी घटना है। मामले की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग को दे दी गई है, ताकि मृत मवेशियों का पंचनामा और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

# भ्रष्टाचार का आरोप, उपसरपंच और ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

जिले के कसडोल जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुसड़ीपाली में विकास कार्यों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत की उपसरपंच और पंचों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मनरेगा और डीएमएफ मद के कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। अपनी शिकायतों को लेकर उपसरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के नाम एक ज्ञापन सौंपा है और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों और उपसरपंच का सीधा आरोप है कि मनरेगा के तहत स्वीकृत 'सोनझोला नाला सफाई कार्य' में फर्जी हाजिरी लगाकर मजदूरी राशि की निकासी की गई है। मस्टररोल में कई ऐसे लोगों के नाम दर्ज किए गए हैं, जिन्होंने मौके पर कभी काम ही नहीं किया।

ग्राम पंचायत की उपसरपंच लता लोधवंशी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- मनरेगा कार्यों में वास्तविक मजदूरों के बजाय कुछ चुनिंदा लोगों को केवल फोटो खिंचवाने के लिए कार्यस्थल पर बुलाया जाता था। बाद में उन्हीं लोगों के नाम से ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कर मजदूरी का पैसा निकाल लिया जाता था। कई ऐसे लोग हैं जो आज तक काम की जगह पर पहुंचे ही नहीं हैं। उपसरपंच ने यह भी दावा किया कि जब निर्वाचित पंचों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए, ▶▶ शेष पेज 11 पर



### 5 लाख की सीसी रोड पर भी उठे सवाल

भ्रष्टाचार के आरोप केवल मनरेगा तक सीमित नहीं हैं। शिकायतकर्ताओं ने डीएमएफ मद से स्वीकृत 5 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड निर्माण पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। यह सड़क खाल्हेपारा से स्वामी आत्मानंद स्कूल तक बनाई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि-सड़क निर्माण में बेहद घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और तकनीकी मानकों को दरकिनार कर दिया गया। मानक के अनुसार सड़क की मोटाई जितनी होनी चाहिए थी, उसकी जगह केवल लगभग तीन इंच ढलाई करके निर्माण कार्य पूरा दिखा दिया गया। गुणवत्ता खराब होने के कारण सड़क के कई हिस्सों में अभी से दरारें और नुकसान के संकेत दिखने लगे हैं, जिससे आगामी बारिश में सड़क के पूरी तरह बह जाने की आशंका है।

### पंचों ने जताया सामूहिक विरोध

इस मामले में पंचायत की पारदर्शिता पूरी तरह खत्म होने की बात कहते हुए उपसरपंच लता लोधवंशी के साथ गांव के कई पंचों ने भी शिकायत पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। पंचों का कहना है कि यह किसी एक व्यक्ति की शिकायत नहीं, बल्कि पूरे गांव के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सामूहिक चिंता है। ग्रामीणों ने कहा- मनरेगा कार्यों के मस्टररोल भुगतान रिकॉर्ड और जॉब कार्ड की गहन जांच हो। डीएमएफ मद से बनी सड़क की तकनीकी गुणवत्ता, मोटाई और स्वीकृत प्राक्कलन का मिलान विशेषज्ञ इंजीनियरों द्वारा कराया जाए। ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन द्वारा इस मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच नहीं कराई गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि शिकायत के आधार पर गड़बड़ी की जांच कराई जाएगी।

# 21 दिन बाद नव निर्वाचित सरपंच व पंचों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोट में नव निर्वाचित सरपंच अनीता केंवट सहित 16 पंचों ने शपथ ग्रहण किया। जनपद पंचायत के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। गौरतलब है कि पंचायत चुनाव के दौरान ग्राम पंचायत कोट के ग्रामीणों द्वारा चुनाव का बहिष्कार किया गया था, जिसके चलते यहां नियमित चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। इसके बाद 1 जून को उपचुनाव कराया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने जनप्रतिनिधियों का चुनाव किया।

उपचुनाव संपन्न होने के 21 दिन बाद सोमवार को नव निर्वाचित सरपंच अनीता केवट एवं पंच राजकुमारी वर्मा, प्रहलाद घृतलहरे, धनेश कर्ष, बसंती कर्ष, जानकी देवी पैकरा, सेवती देवी पैकरा, दयाराम केवट, ▶▶ शेष पेज 11 पर

# कभी लाल आतंक के साये में जीने वाले यूएसटीआर के जनजातीय लोग बनेंगे हॉर्नबिल गाइड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

वनों के अंदर चहचहाने वाले पक्षी अब ग्रामीणों के लिए आय का साधन जुटाएंगे। जिन घने वनक्षेत्रों में पहले गोलियों की आवाज गूंजती थी, उन क्षेत्रों में अब पर्यटकों की चहल कदमी बढ़ने वाली है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के अमलोर, ओढ़ और आमामोरा में बड़े पैमाने पर हॉर्नबिल प्रजाति के पक्षियों की संख्या को देखते हुए यूएसटीआर प्रबंधन इसे रोजगार तथा पर्यटन से जोड़ने जा रहा है। इसके लिए स्थानीय जनजातीय समूह को बर्ड वाचिंग प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जिससे वे नेचर गाइड, हार्नबिल गाइड के रूप में रोजगार प्राप्त करेंगे।


उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक मध्य भारत में प्रकृति-आधारित सामुदायिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

खास खबर


## उत्तराखंड की तर्ज पर विकसित किए जाएंगे ट्रैकिंग बर्ड वाचिंग

### हॉर्नबिल के अलावा इन प्रजातियों के पक्षी

*यूएसटीआर में हॉर्नबिलों के अलावा शाहिन बाज (दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी), भारतीय पिट्टा, ब्राउन फिश आउल, ग्रे-हेडेड फिश ईगल, विभिन्न प्रजाति के कठफोड़वा, बार्बेट, मिनिवेट तथा अनेक प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की इस वन क्षेत्र में मौजूदगी है। पर्यटकों को यहां भारतीय विशाल गिलहरी और भारतीय विशाल उड़न गिलहरी नियमित दिखाई देती है।*





### ट्रैकिंग के साथ बर्ड वाचिंग

वर्ड प्रेमियों के लिए यूएसटीआर में पहली बार बर्ड वाचिंग के साथ ट्रैकिंग की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की जा रही है। बर्ड वाचिंग के लिए अलग बाइनोक्यूलर की व्यवस्था की जाएगी। ट्रैकिंग कर बर्ड वाचिंग की सुविधा उत्तराखंड जैसे पाहड़ी राज्यों में है।

पीवीटीजी (विशेष रूप से बलनरेबल जनजातीय समूह) के गांव ओढ़, अमलोर और आमामोरा में 'हॉर्नबिल सफारी' शुरू करने का निर्णय लिया गया है। पिछले चार वर्षों में यूएसटीआर में मालाबार पाइड हॉर्नबिल की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह सकारात्मक परिवर्तन निरंतर एंटी-पोचिंग ऑपरेशन, बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, फलदार वृक्षों के संरक्षण एवं रोपण से इन प्रजातियों के पक्षियों की संख्या बढ़ी है।

### ग्रामीण बनेंगे हॉर्नबिल वाचिंग गाइड

यूएसटीआर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दो नई जिप्सी की व्यवस्था की गई है। साथ ही ओढ़, अमलोर और आमामोरा के स्थानीय ग्रामीणों को एक्सपर्ट गाइड के माध्यम से प्रशिक्षण कराए जाने की व्यवस्था की जा रही है। ग्रामीणों के प्रशिक्षण के बाद उन्हें ग्रामीण हॉर्नबिल गाइड बनाकर आने वाले पर्यटकों को बर्ड वाचिंग कराने का काम कराया जाएगा। जिन क्षेत्रों में हॉर्नबिल पाए जाते हैं, उन क्षेत्रों में विशेष टीम गठित कर हॉर्नबिल की गतिविधियों, घोंसलों और आवासों की निगरानी कराई जा रही है। इन प्रयासों से अब इन गांवों के आसपास के वन क्षेत्र हॉर्नबिलों के सुरक्षित आश्रय और आकर्षक बर्डिंग स्थानों के रूप में उभर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राहुल का दौरा राजनीतिक नौटंकी : केदार कश्यप



**रायपुर।** वनमंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे पर कहा, यह यात्रा राजनीतिक नौटंकी, दिखावे और कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी पर पर्दा डालने का एक असफल प्रयास मात्र थी। प्रशिक्षण शिविर के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में न तो प्रदेश की जनता की समस्याओं पर कोई गंभीर चर्चा हुई और न ही कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर कोई ठोस दृष्टि प्रस्तुत की। केदार कश्यप ने कहा कि राहुल गांधी कुछ घंटों के लिए छत्तीसगढ़ आए, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने का दावा किया और फिर कैमरों के सामने आयोजित प्रतीकात्मक गतिविधियों में व्यस्त रहे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस के पास न कोई नीति बची है और न ही जनता के बीच जाने का कोई वास्तविक एजेंडा।

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में शामिल हुए महंत राजेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा सोमवार को रायपुर से रवाना हुई, जिसमें रायपुर के श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा, मदन चौबे, जोशी बहन, रेखा, राकेश तिवारी आदि शामिल हुए।

### कृष्णा नगर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय योग संस्थान द्वारा कृष्णा नगर में योगा फॉर एजिंग विषय पर विशेष योग कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लेकर योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मोहन पवार ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, विशेष अतिथि डॉ. मुकेश शाह ने कहा कि आत्मिक शांति प्रदान करता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिव नारायण मंचड़ा, संस्था की नीतू मूंधड़ा और पूजा बाधवानी ने संबोधित किया।

### 24 डबरी का निर्माण पूर्ण आय का नया आधार मिला

**रायपुर।** रायपुर जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत डबरी निर्माण किए जा रहे हैं। ये डबरी लोगों के लिए आय का नया आधार भी बनेंगी। इन डबरी में मत्स्य पालन, सिंघाड़ा उत्पादन और ढेंस सब्जी आदि की खेती की जा सकेगी, जिससे हितग्राहियों को अच्छी आय होगी। जल संरक्षण और आजीविका संवर्धन की दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक महत्वपूर्ण एवं सफल होती नजर आ रही है। इस योजना के तहत जिले में 24 हितग्राहियों की निजी भूमि पर आजीविका डबरी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में लगभग 10 हजार निवेशकों को 150 करोड़ रुपए लौटाए गए

# सहारा रिफंड पोर्टल में फंड की कमी, अब गिने-चुने निवेशकों को ही लौटाई जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सहारा इंडिया में छत्तीसगढ़ के 25 लाख से ज्यादा निवेशकों के 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। इनमें से अब तक लगभग 10 हजार निवेशकों को करीब 150 करोड़ रुपए सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से लौटाए गए हैं।

हालांकि प्रदेश में जितने निवेशकों के पैसे फंसे हुए हैं, उसकी तुलना में रिफंड पाने वाले आवेदनों की संख्या 25 प्रतिशत से भी कम है। इसके बाद भी आवेदन करने वाले निवेशकों के एवज में प्रदेश में एक से डेढ़ प्रतिशत निवेशकों को ही 10 से 50 हजार के बीच पैसे रिफंड मिल पाए हैं। इधर पिछले लगभग 6 महीनों से पोर्टल में फंड की कमी से अब गिने-चुने निवेशकों को ही राशि रिफंड की जा रही है। इस कारण से राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य कुछ प्रमुख शहरों में बंद पड़े सहारा इंडिया के दफ्तरों एवं एजेंटों के यहां निवेशक लगातार चक्कर लगा रहे हैं।

### पोर्टल में नए विकल्प भी खोले जाने की संभावना

रिफंड पोर्टल के माध्यम से अब तक सिर्फ चार कोऑपरेटिव सोसाइटियों की स्कीमों के तहत जमा राशि ही लौटाई जा रही है, वहीं जिन निवेशकों की मृत्यु हो चुकी है, किसी निवेशक ने दूसरे के नाम पर स्कीम के तहत राशि जमा कराई है, ऐसे निवेशक एवं उनके परिजनों के आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं। इसके अलावा पार्ट भुगतान ऑप्शन तथा एमआईएस ऑप्शन भी पोर्टल में नहीं है, जिससे निवेशकों की जमा राशि मिल नहीं रही है। बताया जा रहा है कि इन चारों ऑप्शन को लेकर सहारा एवं सीआरसीएस अधिकारियों के बीच लंबी चर्चा हो चुकी है। इसे लेकर कोर्ट में अर्जी भी लगाई गई है, जो अभी विचाराधीन है।




### गिने चुने निवेशकों को ही मिल पा रही राशि

पोर्टल में फंड नहीं होने से अब गिने-चुने निवेशकों को ही उनकी राशि मिल पा रही है। लगभग तीन साल पहले पोर्टल को लांच किया था। इसके तहत रिफंड की जा रही राशि अधिकतम 50 हजार रुपए लिमिट है। राशि को जब तक बढ़ाया नहीं जाएगा, तब तक रिफंड प्रक्रिया में तेजी नहीं आएगी।

\- **संतोष साहू,** ब्रांच प्रमुख, सहारा इंडिया संतोषी नगर रायपुर

### 3 साल में 50 हजार रुपए से अधिक नहीं बढ़ी रिफंड राशि की लिमिट

*निवेशकों को अभी भी जो राशि राशि लौटाई जा रही है, उसकी लिमिट अधिकतम 50 हजार रुपए है। रिफंड पोर्टल को जुलाई 2023 में केंद्र सरकार ने शुरू किया था। आगामी जुलाई 2026 में इसके पूरे तीन साल हो जाएंगे। शुरुआती वर्ष में निवेशकों को 10-10 हजार रुपए लौटाए गए। इसके बाद यह राशि बढ़कर 20 हजार की गई, जो अब 50 हजार रुपए है। इस तरह पोर्टल के माध्यम से रिफंड करने की प्रक्रिया को लगभग तीन साल हो चुके हैं। इसके बाद भी निवेशकों को रिफंड राशि की लिमिट अब तक बढ़ाई नहीं गई है। यही वजह है कि निवेशकों को कछुए गति से किस्तों में जमा राशि वापस मिल पा रही है।*

### देशभर से 1.45 करोड़ आवेदन, 10 हजार करोड़ रिफंड

सहारा इंडिया के संतोषीनगर रायपुर ब्रांच प्रमुख संतोष साहू ने बताया कि लगभग माहभर पहले लखनऊ में सहारा इंडिया समूह की बैठक हुई थी। इस बैठक में जानकारी साझा की गई थी कि देशभर में सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी, स्टार्स मल्टीपर्पस कोआपरेटिव, सहारियन यूनिवर्सल मल्टीपर्पस कोआपरेटिव एवं हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटियों के अंतर्गत स्कीमों में पैसे जमा करने वाले निवेशकों को ही उनके जमा पैसे वापस लौटाए जा रहे हैं। इन चारों सोसाइटियों के तहत देशभर में फरवरी 2026 की स्थिति में 1 करोड़ 45 लाख निवेशकों ने आवेदन कर लगभग 4.06 करोड़ रुपए से अधिक रिफंड के लिए दावे किए हैं। इस अवधि के दौरान 40 लाख 33 हजार 448 निवेशकों को लगभग 8783.55 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। सूत्रों के अनुसार फरवरी से लेकर चालू माह की स्थिति में भुगतान की राशि लगभग 10 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है, वहीं जिन्हें रिफंड मिला है, उनकी संख्या भी पहले से कुछ बढ़ी है।

## भाजपा हथबंद नवापारा मंडल ने मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद

भाजपा हथबंद नवापारा मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस पर उड़ेला साहू भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों और देश की एकता एवं अखंडता के लिए किए गए संघर्ष को स्मरण किया।

संजय वर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके विचार एवं आदर्श आज भी प्रत्येक राष्ट्रवादी कार्यकर्ता को प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। राष्ट्रीय एकीकरण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, अदम्य साहस एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि का उनका विचार आज भी करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर संजय वर्मा, ईश्वरी मारखंडे, धनीराम रजक, धन्ना धनेश्वर निषाद, योगेश (मोनू) समुदे, जीवन साहू, प्रकाश पाल, उदयराम निर्मलकर, राममोहन वर्मा खिलोरा, रामपाल साहू, योगेश साहू, साढेलाल, संतराम ध्रुव, अखिलेश्वरी शुक्ला, नोहर पाल, ठाकेश चतुरे, राजेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## ऑटो सेना ने समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं तथा सिटी बस व्यवस्था में आवश्यक सुधार की मांग को लेकर सोमवार को ऑटो सेना के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में दिया गया। ऑटो सेना ने बताया कि कई स्थानों पर सिटी बस एवं अन्य वाहनों द्वारा निर्धारित स्टॉपेज के अलावा कहीं भी सवारियां चढ़ाने-उतारने का कार्य किया जा रहा है, जिससे यातायात बाधित होता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही छोटे ऑटो चालकों की आजीविका भी प्रभावित हो रही है। ऑटो सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो संगठन द्वारा आगे व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान ऑटो सेना अध्यक्ष सुरेश तिवारी, प्रदेश सचिव बल्लू जांगड़े, जिला अध्यक्ष धनंजय गोयल, पप्पू मिश्री सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 630 संपत्तियों से की 1 करोड़ 21 लाख से अधिक की वसूली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- निगम के राजस्व विभाग ने निर्धारित लक्ष्य 1 करोड़ से अधिक वसूली की

नगर निगम के राजस्व विभाग ने सोमवार को निर्धारित लक्ष्य 1 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली की है। अलग -अलग जोन में 630 संपत्तियों से 1 करोड़ 21 लाख से अधिक का राजस्व वसूले गए। जोन 2 द्वारा 55 संपत्तियों से 11 लाख 61 हजार 769 रुपए का राजस्व वसूला गया, जोन 4 ने 68 संपत्तियों से 33 लाख रुपए से अधिक की राजस्व वसूली की। इसी तरह नगर निगम जोन 5 ने 67 संपत्तियों से 11 लाख 35 हजार 750 रुपए की राजस्व वसूली की है । वहीं जोन 7 ने 41 संपत्तियों 10 लाख से अधिक का टैक्स वसूली की। जो 10 ने 96 संपत्तियों से 18 लाख 99 हजार 504 रुपए का राजस्व वसूली की । निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश 30 जून तक वित्त वर्ष 2025-26 के देय संपत्तिकर की राशि का संपूर्ण भुगतान किए जाने पर संपत्ति करदाताओं को 6:25 फीसदी की छूट प्रदान की जा रही है।

## राज्य में खुलेंगे नौ शासकीय नर्सिंग कालेज, 198 पदों पर भर्ती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- दो साल की संविदा नियुक्ति, बीएससी की सीट 800 होगी

राज्य में इस वर्ष नौ शासकीय नर्सिंग कालेज भी खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 198 पदों पर दो साल की संविदा नियुक्ति दी जाएगी। अभी प्रदेश में आठ सरकारी नर्सिंग कालेज संचालित हैं, जहां विभिन्न बीएससी की 410 सहित अन्य विषयों की सीटों का संचालन होता है। इन कालेजों के खुलने के बाद सीटों की संख्या 800 से अधिक हो जाएगी।

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को मानव संसाधन से लैस करने के लिए मेडिकल कालेज, फिजियोथैरेपी और नए नर्सिंग कालेज खोलने की घोषणा बजट में की थी। इसके लिए मानव संसाधनों की व्यवस्था के लिए भर्ती प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम ने प्रस्तावित बलरामपुर, बैकुंठपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जांजगीर चांपा, जशपुर, कुरूद-धमतरी, नवा रायपुर अटल नगर एवं पुसौर-रायगढ़ के शासकीय नर्सिंग कालेजों में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इन कालेजों में प्राध्यापकों के 9, सह प्राध्यापकों के 18 तथा सहायक प्राध्यापकों के 27 के साथ प्रदर्शकों के 144 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाया गया है। इन पदों पर दो साल के लिए संविदा नियुक्ति दी जाएगी इसके बाद आवश्यकता के अनुसार विभागाध्यक्ष जरूरत के हिसाब से सेवा अवधि में बढ़ोतरी कर सकेंगे।



### 29 तक आवेदन, 21 जुलाई को मेरिट लिस्ट

*संविदा नियुक्ति के लिए सोमवार 22 जून से शुरू हुई जो 29 जून तक पूरी की जाएगी। इसके बाद 3 जुलाई अंतरिम प्रावीण्य सूची, 6 जुलाई तक दावा आपत्ति मंगाकर 1 जुलाई को अंतिम सूची जारी की जाएगी। मेरिट आधार पर 15 जुलाई तक शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में दस्तावेज परीक्षण होगा। इसके बाद 21 जुलाई को चयनित अभ्यर्थियों का नाम जारी किया जाएगा।*

इन नए कालेजों के खुलने के बाद राज्य में नर्सिंग कालेजों की संख्या 17 हो जाएगी। इसका सीधा फायदा नर्सिंग की पढ़ाई करने वालों की मिलेगा। राज्य में सर्वाधिक डिमांड बीएससी नर्सिंग की होती है जिसकी शासकीय सीट सीमित संख्या में हैं। निजी नर्सिंग कालेजों में 7 हजार सीटों पर एडमिशन के लिए होड़ मची रहती है। इसके लिए निजी नर्सिंग कालेज मोटी फीस भी वसूलते हैं। नए नर्सिंग कालेज से दूरवर्ती इलाकों में रहने विद्यार्थियों को पढ़ाई की सुविधा मिलेगी।

## आवास मेला-2025 के लकी ड्रॉ, विजेताओं की घोषणा

# सारंगढ़-बिलाईगढ़ की पूजा ने जीती मारुति स्विफ्ट कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेला-2025 तथा 31 दिसम्बर 2025 तक मंडल की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में पंजीयन कराकर भवन आबंटन प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राहियों के लिए विशेष लक्की ड्रॉ सोमवार को मंडल मुख्यालय में निकाला गया। लक्की ड्रॉ के दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव तथा आयुक्त अवनीश शरण उपस्थित थे। ड्रॉ लॉटरी पद्धति के माध्यम से पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई गई। आवास मेले तथा निर्धारित अवधि में पंजीयन कराने वाले पात्र हितग्राहियों के लिए आयोजित इस विशेष लक्की ड्रॉ में मारुति स्विफ्ट कार, होंडा शाइन मोटर साइकिल, होंडा एक्टिवा स्कूटी, वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर (फ्रिज), एलईडी टेलीविजन सहित अन्य आकर्षक उपहारों के लिए विजेताओं का चयन किया गया।

### बंपर उपहार के विजेता

विशेष लक्की ड्रॉ के अंतर्गत बम्पर उपहार मारुति स्विफ्ट कार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की पूजा बरेठ ने जीती। होंडा शाइन मोटरसाइकिल कोरबा जिले के खरमोरा निवासी रवि प्रकाश राठौर को मिली। होंडा एक्टिवा स्कूटी भी कोरबा के कृष्ण कुमार को प्राप्त हुई। रेफ्रिजरेटर की प्रथम विजेता सुषमा गुप्ता रहीं। दूसरा रेफ्रिजरेटर अरुण कुमार प्रधान ने जीता। वाशिंग मशीन के विजेताओं में ओम सोनी कोहका की रेणुका घृतलहरे ने जीती। एलईडी टेलीविजन के विजेताओं में गजेन्द्र कुमार यादव, संजीत कुमार साहू रहे।

## रेलवे बोर्ड के संरक्षा महानिदेशक ने परखी मंडल की सुरक्षा व्यवस्था, दुर्ग-भिलाई में जांची सेफ्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- महानिदेशक संरक्षा हितेंद्र मल्होत्रा ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संरक्षा संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक ली


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में सोमवार को रेलवे बोर्ड के महानिदेशक संरक्षा हितेंद्र मल्होत्रा ने सेफ्टी निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। हितेंद्र मल्होत्रा ने कोचिंग डिपो दुर्ग में यात्री गाड़ियों की मेंटेनेंस व्यवस्थाओं के सेफ्टी पहलुओं का निरीक्षण कियाr। कोचिंग डिपो दुर्ग में ट्रेनों के शंटिंग की सावधानियां, फायर डिटेक्शन सिस्टम की सभी प्रमुख लाइन स्टाफ को जानकारी दी। विभागीय संसाधनों से निर्मित फीबा टेस्ट स्टैंड जो ट्रेन के पाट्र्स की जांच करती है, फायर डिटेक्शन सिस्टम मॉडल की कार्यविधि, ट्रेन के कोचों की इंटरमीडिएट ओवरहालिंग शॉप शेड्यूल की जांच की। दुर्ग लॉबी में लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर के ट्रेन परिचालन के संरक्षा नियमों पर चर्चा की एवं लॉबी की व्यवस्थाओं को देखा एवं क्रू मेंबर्स के प्रशिक्षण पर जोर दिया।

### स्क्रैप के डिस्पोजल पर दिया जोर

*डीएम ग्रिड भिलाई में एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन ((एआरटी) एवं एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन (एआरएमवी) व हैवी क्रेन के कार्य प्रणाली के डेमो का निरीक्षण किया। किसी भी दुर्घटना के समय एआरटी एवं एआर एमवी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। यात्री कोच एंड वैगन के व्हील सेट के उपयोग में आने वाली व्हील स्केट ट्रॉली टोइंग मशीन का शुभारंभ किया। भिलाई में इंजीनियरिंग स्टोर का निरीक्षण किया एवं स्क्रैप के डिस्पोजल पर जोर दिया तथा यांत्रिक उपयोग में आने वाले सभी सभी पाट्र्स, स्प्रिंग, पुर्जे सामान को संरक्षा गुणवत्ता जांच के पश्चात ही उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। महानिदेशक संरक्षा हितेंद्र मल्होत्रा ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संरक्षा संबंधित कार्यों कि समीक्षा बैठक ली, बैठक में मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर दयानंद बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी अनूप कुमार सतपथी, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल एवं सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी समेत रेल मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।*

## 16 से 20 जुलाई तक बदले मार्ग से चलेंगी छत्तीसगढ़, समता और हीराकुंड एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के तहत उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल अंतर्गत आने वाले वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना सेक्शन के ललितपुर स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने और गुजरने वाली कुछ प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस और हीराकुंड एक्सप्रेस शामिल हैं। रेलवे से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 16 से 19 जुलाई 2026 के बीच अमृतसर से चलकर बिलासपुर आने वाली गाड़ी संख्या 18238 (अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस) अपने नियमित रूट की जगह परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा, बयाना, सोगरिया, रूठियाई और बीना होते हुए बिलासपुर पहुंचेगी। इसी तरह, 20 जुलाई 2026 को हजरत निजामुद्दीन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12808 (हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेस) का रूट भी बदला गया है। यह ट्रेन भी परिवर्तित मार्ग वाया मथुरा, बयाना, सोगरिया, रूठियाई और बीना मार्ग से होते हुए विशाखापट्टनम जाएगी।

# विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में दो छात्रों ने बढ़ाया जिले का मान

## जापान के प्रतिष्ठित सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने इंस्पायर मानक योजना के अंतर्गत जापान में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम के लिये चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी है।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों एवं उनके पालकों के लिए, बल्कि संपूर्ण जिले के लिए भी गर्व का विषय है। विद्यार्थियों की यह सफलता जिले में विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है। यह जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा एवं इंस्पायर अवार्ड जिला नोडल अधिकारी कौशिक मुनि त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को बधाई दी हैं। छात्रों के इस सफलता में मार्गदर्शक शिक्षक तुलेन्द्र कुमार वर्मा का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हुए उनके नवाचारी विचारों को विकसित करने तथा उन्हें इंस्पायर मानक योजना के विभिन्न चरणों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### जापान के प्रतिष्ठित विज्ञान कार्यक्रम के लिए बलौदाबाजार के दो विद्यार्थियों का चयन

उन्होंने आशा व्यक्त की कि जापान में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में सहभागिता से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में नई जानकारियां प्राप्त होंगी, जिससे वे भविष्य में देश एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। चयनित विद्यार्थियों में गगन दास मानिकपुरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लवन तथा नागेश कुमार शासकीय मिडिल स्कूल हथबंद शामिल हैं। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से इस कार्यक्रम के लिए केवल पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें से दो विद्यार्थी बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से हैं।

## खबर संक्षेप



### उच्च माध्य विद्यालय देवरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना

**भाटापारा।** 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उच्च माध्य विद्यालय देवरी में मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्याता सुनील दीवान ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते कहा स्वस्थ जीवन के लिए हमें योग प्रतिदिन करना चाहिए। स्पोर्ट शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक चंद्रकांत बागड़े ने विभिन्न योगासनों एवं प्रणायाम पद्मासन, वज्रासन, भद्रासन, पवनमुक्तासन कपाल भाती भ्रामरी प्रणायाम आदि का अभ्यास कराया एवं उनके लाभ से अवगत कराया। प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने कहा योग से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर बनता हैं। हमें अपने जीवन शैली में प्रतिदिन योग एवं प्रणायाम को अपनाना चाहिए। इस योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं हेम कुमार साहू,हेमलाल साहू,सुनील कुमार दीवान, अनुप कुमार खरे,सी के बागड़े, राकेश कुमार वर्मा, प्रीति शाह, शुभा शर्मा रूकमणी साहू, रश्मि भारती, रेणु शर्मा मृणालिनी शुक्ला तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने की मांग



**भटगांव।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील इकाई भटगांव ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को सुदृढ़ बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 2023 में पारित पत्रकार सुरक्षा विधेयक को शीघ्र प्रभाव से लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी की कार्य करती है। विशेषकर नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कार्यरत पत्रकार विभिन्न चुनौतियों के बीच अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। जनहित से जुड़े समाचारों के प्रकाशन के कारण पत्रकारों के विरुद्ध दुर्भावना पूर्ण शिकायत अनावश्यक दबाव तथा प्रताड़ना की घटनाएं बढ़ रही है। जिससे असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो रही है। ऐसी स्थिति में पत्रकार स्वयं को अपेक्षित कानूनी संरक्षण से वंचित महसूस कर रहे हैं। संघ ने बताया कि पत्रकार सुरक्षा संबंधी विधेयक वर्ष 2023में विधानसभा से पारित होकर राजपत्र में भी प्रकाशित हो चुका है। लेकिन अब तक इसे पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है।

### कमारडेरा व रैताल में कराया योगाभ्यास

**खल्लारी।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सनातन योग वैलनेस फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत भीमखोज अंतर्गत ग्राम कमारडेरा एवं ग्राम रैताल में योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में योग आचार्य आर्य प्रकाश चंद्राकर ने योग अभ्यास कराया एवं नियमित योग करने प्रेरित किया। आयुर्वेद से स्वस्थ जीवन की जानकारी भी दी गई।

न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला
जिला बालौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**ज्ञापन**

क्रमांक / 60 / तह. / वा. / 2026
सुहेला दिनांक 05/06/2026

प्रति,
पटवारी
हल्का नंबर 28 ग्राम गोरदी
तहसील सुहेला

**विषय :-** जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।

विषयांतर्गत लेख है कि चैतराम पिता श्री रूपसिंग उम्र 22 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम गोरदी प.ह.न. 28 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक चैतराम पिता श्री रूपसिंग का जन्म दिनांक 18/08/2003 को स्थान ग्राम गोरदी मे हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत गोरदी मे जन्म पंजीयन दर्ज नही करा पाये थे। जिसके कारण आवेदक चैतराम पिता श्री रूपसिंग का जन्म दिनांक 18/08/2003 का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। जिसके संबंध मे प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जांच कर पंचनामा सहित प्रतिवेदन दिनांक 22/06/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुहर — नायब तहसीलदार
सुहेला

## आयोजन : योग को अपनाकर एक खुशहाल राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है

# योग को जीवन का आधार बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाहौद योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद लहरी ने किया। उन्होंने योगासनों की सूक्ष्म बारीकियों से जनसमूह को अवगत कराया। विद्यालय के प्रधान पाठक श्री मथुरा प्रसाद वर्मा ने योग को जीवन की कला निरूपित करते हुए कहा कि स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण हेतु प्रत्येक नागरिक को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अनिवार्य अंग बनाना चाहिए।

इस मौके पर सरपंच किशोर साहू, उपसरपंच भरत भूषण साहू, सचिव होरीलाल साहू एवं पंच कबीर साहू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रकुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्यामा पटेल, प्यारे साहू, मोंगरा देवांगन, उमरा साहू, सरिता साहू, अन्नपूर्णा साहू, स्वाति साहू, कलेदरी मानिकपुरी, शकुंतला यादव, गंगा बाई, महेश पटेल, पुरुषोत्तम साहू, महेंद्र यादव एवं सुखदेव मानिकपुरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### किरवई के प्राइमरी स्कूल में योग दिवस मना



**हथबंद।** किरवई के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में जिला आयुष अधिकारी बलोदा बाजार एवं योग शिविर प्रभारी डॉ. अनीता चंद्रवंशी दामाखेड़ा के दिशा निर्देश के अनुसार 17 जून से 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था, जिसका 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समापन किया गया। योग प्रशिक्षक पुरुषोत्तम निषाद द्वारा विभिन्न क्रियाओं को सिखाया गया। रोगानुसार आसान अभ्यास कपालभाति अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम वी 21 जून को प्रोटोकॉल के तहत सभी अभ्यास कराया गया। शिविर में गांव के अरुण, शरण साहू, प्रधान पाठक भुवन लाल साहू, मनोहर सोनवानी, संतोष सोनी, वोडका द्विवेदी, कोमल साहू, अंबिका कोसले, प्रदीप साहू, किशोर, भारती देवांगन, अजय सोनी, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



### छात्रों ने सीखा विभिन्न प्रकार के योग

**मुंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में योग दिवस पर शिक्षक स्काउटर चूड़ामणि वर्मा प्रधान पाठक एवं नरेंद्र कुमार साहू स्काउट मास्टर द्वारा विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वज्रासन, मदूक आसान, हलासन, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, उज्जैन सिंहासन, हास्यासन, धनु आसन, ध्यान मुद्रा अनेक योगाभ्यास कराया गया। चूड़ामणि वर्मा ने कहा की योग जीवन जीने की कला सिखाता है। योग से हम निरोगी एवं स्वस्थ होते हैं योग हमें शांति वा एकाग्रता लाती है। योग व्यक्तिगत जीवन के लिए जितना जरूरी है, उतना ही समाज और राष्ट्र के लिए भी जरूरी है। योग हमारी प्राचीन संस्कृति है। योग को अपनाकर एक खुशहाल राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला पैजानी के प्रधान पाठक संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारु दास बांधे, ज्यामिति यदु, विनोद कुमार पटेल, लोमस कुमार कोसले, सुकृत सेन, दीपमाला तिवारी, अरुण कुमार रात्रे, मनोज कुमार वर्मा, लक्ष्मी वर्मा आदि उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति के लिए पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान



**पलारी।** जिला पुलिस द्वारा लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सतनाम भवन पलारी में आयोजित कराते बेल्ट ग्रेडिंग क्लास के दौरान थाना पलारी पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कराते सीख रहे बच्चों, युवाओं और उनके पालकों को देश में लागू हुए नवीन कानूनों के बारे में अत्यंत सरल और व्यावहारिक भाषा में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी पलारी ने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित न्याय देना और उनकी सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करना है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से समझाया गया।कार्यक्रम के दौरान पलारी पुलिस ने उपस्थित युवाओं और बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। पुलिस टीम द्वारा बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि अपराधों का एक मुख्य कारण भी बनता है। उपस्थित सभी बच्चों और नागरिकों को जीवन में कभी भी नशा न करने और अपने आस-पास के समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। थाना प्रभारी पलारी द्वारा कराते सीख रहे बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा गया कि आत्मरक्षा सीखने के साथ-साथ देश के कानून की जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। इससे बच्चे सजग, जिम्मेदार और सुरक्षित नागरिक बन सकेंगे।

# प्रवाह कराते के लिए कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रवाह कराते संघ बलौदाबाजार के तत्वावधान में सतनाम भवन पलारी में विभिन्न कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा हुई। इसमें बलौदाबाजार जिले के सभी विकासखण्डों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी काराते का जौहर दिखाकर योग्यता अनुसार कलर बेल्ट की परीक्षा दी । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परिवेश तिवारी थाना प्रभारी पलारी, गोपी साहू नगर पंचायत नगर अध्यक्ष, सुशील चंद्रा मुख्य परीक्षक व अध्यक्ष कराटे एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि कौशल जांगड़े जिला अध्यक्ष प्रवाह कराटे संघ बलौदाबाजार, हेमलता कन्नौजे बीएसओ पलारी, नेहा उपाध्याय व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल चरोदा ने सरस्वती की छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया।



विद्यार्थियों ने अपनी कला बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बेल्ट प्राप्त किया, जिनमें ब्लैक बेल्ट हेमराज,राकेश कुमार वर्मा, श्रद्धा पैकरा, मनीषा कुर्रे,गोमती कुर्रे, रेशमी टंडन, लक्ष्मी देवांगन। ब्राउन्ज बेल्ट रौशनी साहू, सुलोचना, डाकेश्वर निषाद, प्रिया वर्मा, डाली वर्मा, पर्पल बेल्ट खिलेश्वरी बघेल, ग्रीन बेल्ट संध्या वर्मा, आँचल कुर्रे, माही यादव, बीरेन्द्र, पंकज, ज्योति कुर्रे,तरुण बारले, भूपेंद्र सिंह, ओरेंज बेल्ट प्रिया पैकरा, उमा कर्ष,चंद्रमुखी कुर्रे, लक्ष्मी घृतलहरे, प्रीति वर्मा, राधिका वर्मा, मधु ध्रुव, मधु निषाद, सोनकली, नितेश, शालिनी, यलो बेल्ट सुरुचि साहू, वासनी,अन्नू साहू, कांक्षी साहू, वर्षा साहू, गीतांजलि बंजारे, भूमिका बंजारे, रूपेश साहू, भूमिका, प्रियांशी, प्रियंका घृतलहरे, प्राची घृतलहरे, रौशनी, प्रीति, चंचल, साधना चेलक, नेहा टंडन, अंजली, गरिमा, कृति, माही वर्मा, शिवा सोनी, प्रदुमन ने अपनी बेहतर प्रदर्शन करते हुए बेल्ट परीक्षा पास की इसके इन उपलब्धि पर प्रवाह कराटे संघ बलौदाबाजार के सचिव संजय कुमार एवं सीनियर कोच तरुण सुरतांगे घनश्याम भारद्वाज, सुभाष धुरंधर, लॉरेंस साहू, प्रमिला, स्नेहा टंडन, प्रियंका हिरवानी, कमल कुमार पटेल, उमेश ध्रुव आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# साहू समाज सारागांव परिक्षेत्र की सामाजिक बैठक में अनेक प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

साहू समाज सारागांव परिक्षेत्रीय बैठक ग्राम पंचायत मटिया साहू भवन में हुई। इसमें 8-9 प्रकाराणों की समस्याओं का समाधान किया गया। समाज हित में एकजुट होकर सकारात्मक निर्णय लिए गए। यह कार्यक्रम परिक्षेत्र अध्यक्ष टिकाराम साहू, संगठन सचिव थलेश्वर साहू के नेतृत्व मे आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के आये हुए गाँव के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए एवं नव निर्वाचित जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के पदाधिकारी का सम्मान हुआ। असमें जिला अध्यक्ष हीरामान साहू, उपाध्यक्ष पोषण लाल साहू, महिला उपाध्यक्ष धनमती साहू, महिला संगठन सचिव सरस्वती साहू, संगठन सचिव योगेश साहू एवं तहसील के अध्यक्ष लेखराम साहू, महिला उपाध्यक्ष मंजु साहू, संगठन सचिव अनिल साहू, महिला संगठन सचिव खोम बाई साहू परिक्षेत्र ग्रामीण एवं अन्य तहसील परिक्षेत्र ग्रामीण के पदाधिकारी और ग्रामवासी शामिल हुए।




## पूर्व माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में मना प्रवेशोत्सव



**अर्जुनी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कक्षा 6वी से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष कन्हैया कटारे, प्रधानपाठक वंदना साव, संकुल समन्वयक गोपाल सिंह वर्मा, अनुराधा वैष्णव, मीना देवांगन, जय प्रकाश यदु सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### व्यावसायिक शिक्षिका से

था। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

मृतका के जीजा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि उसी मकान के समीप रहने वाले अभिषेक कुमार जायसवाल ने युवती को प्रेम संबंध में फंसाकर शादी का वादा किया था। पिछले पांच महीनों से वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा, जिससे युवती गर्भवती हो गई। जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और उसे गाली-गलौज, मारपीट तथा मानसिक प्रताड़ना देने लगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना से शिक्षा जगत एवं शहर में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### भ्रष्टाचार का आरोप,...

तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। पंचायत में विकास कार्यों से जुड़ी जानकारियों को पूरी तरह गोपनीय रखकर केवल सीमित लोगों तक ही सीमित रखा जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, सोनझोला नाला सफाई कार्य के दौरान ऑनलाइन उपस्थिति और जॉब कार्ड रिकॉर्ड के बीच बड़ा अंतर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जांच के दौरान संबंधित जॉब कार्डधारकों के बयान दर्ज किए जाएं और मस्टररोल की भौतिक जांच कराई जाए। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई, तो एक बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है।

### 21 दिन बाद ...

रेवाराम , श्याम कुमारी केवट, संतोषी केवट, सुन्दर लाल यादव, प्रमिला साहू, क्रांति मीरी, ललिता पटेल, चन्द्रदीप साहू, कृष्ण कुमार साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान जनपद पंचायत के अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों को पंचायत के विकास, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने की सलाह दी। शपथ लेने के बाद नव निर्वाचित सरपंच अनीता केवट ने ग्राम पंचायत के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह शांतिपूर्ण एवं उत्साह माहौल में संपन्न हुआ।

# प्रवेशोत्सव पर छात्रों को परोसी गई खीर-पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवसुन्द्रा में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ शाला प्रवेश उत्सव उत्साह मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक एवं गुलाल लगाकर तथा मुँह मीठा कराकर विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच, जनप्रतिनिधियों, पालकों एवं शिक्षकों ने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी। शासन की योजना के तहत सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच अभिराम साहू द्वारा कक्षा 1 से 8 वीं के लगभग 250 विद्यार्थियों को खीर-पूरी परोसकर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह में सरपंच अभिराम साहू ने सभी विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई दी और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आकर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं संकुल प्राचार्य रोहित जायसवाल ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय को शिक्षा, संस्कार और सर्वांगीण विकास का केंद्र बताया।



उन्होंने बच्चों से अनुशासन में रहने और कठिन परिश्रम के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अमित साहू संकुल समन्वयक,रेखा वर्मा संस्था प्रमुख, शाला विकास समिति की उपाध्यक्ष टिकेश्वरी वर्मा, ग्राम सभा अध्यक्ष महेतरू वर्मा,पंचगण बालमुकुन्द यादव, शशिकांत वर्मा, देवचरण साहू, कुलेश्वर साहू, हेमलता साहू, सावित्री वर्मा, संजना विश्वकर्मा, विजय जाँगड़े, महेतरू वर्मा ग्रामसभा उपाध्यक्ष और अयोध्या पाण्डे, शिक्षकगण शशिकुमार सोनकेंवरे,राजेश्वरी चंद्रवंशी, राजश्री मोरे, राजकुमार साहू, लक्ष्मीकांत करायत, संदीप कुमार सुरतांगे, अनीता शील, शालिनी वैष्णव, केशरी लाल सरशिहा, इन्दरमन लाल वर्मा सहित शाला विकास समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में पालकगण और ग्रामीणजन मौजूद रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# प्रवेशोत्सव पर छात्राओं को साइकिल और शैक्षणिक सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर भवन में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में सहभागिता करते हुए नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शासन की योजनाओं के अंतर्गत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे वे विद्यालय तक सुगमता से पहुंच सकें और उनकी शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रह सके। साथ ही विद्यार्थियों को गणवेश, पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण कर नए शैक्षणिक सत्र के लिए उत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित विद्यालय उपस्थिति तथा संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर विचार साझा किए गए।

### नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा

शाला प्रवेशोत्सव बच्चों के जीवन में शिक्षा की नई शुरुआत का उत्सव है। आज नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उत्साह और मुस्कान को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। शिक्षा ही वह शक्ति है जो बच्चों के सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करती है। हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और प्रत्येक विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन में सफलता हासिल करे।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सहयोग का संकल्प लिया।

## प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला मटिया में प्रवेशोत्सव मना



**अर्जुनी।** ग्राम मटिया में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला द्वारा संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं छठवीं में प्रवेश हुए नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत किया और मुंह मीठा भी कराया गया। साथ ही साथ खीर पूरी खिलाया एवं निशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक नारांतक प्रसाद यादव के द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार है जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने परिवार गांव और समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं। सरपंच अनीता निषाद ने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने प्रेरित किया। संकुल समन्वयक मनोज वर्मा ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने अनुशासित रहने तथा गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर विद्यार्थियों शिक्षकों एवं पलकों में उत्साह का वातावरण रहा। इस दौरान उपसरपंच अशोक कुमार साहू, पंच देवकी निषाद, सुखराम निषाद, राजकुमार यादव, शिक्षक उमाशंकर साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक जवाहर वर्मा, शिक्षक इंदल कुमार ध्रुव, चंद्रहास साहू, पूनम कुजूर सहित छात्र-छात्राएं एवं पालक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सोने-चांदी के जेवर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम रूढ़ा में एक घर से सोने-चांदी के जेवर समेत 95 हजार की चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 23 जून को हरिश्चन्द्र पटेल पिता धनीराम पटेल (62 साल) रूढा ने रिपोर्ट लिखाई है कि 23 जून की रात्रि करीबन 12 बजे किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर में घुसकर रखे अलमारी को बाहर निकाल कर उसमें रखे सामान, नगदी रकम 10000 रुपए, पुरानी इस्तेमाली 02 नग सोने का लटकन, 03 नग सोने का अंगूठी, 07 जोड़ी चांदी की पायल कुल कीमत 95000 रुपए की चोरी कर ली।

### बाइक लेकर भाग निकला अज्ञात व्यक्ति

**महासमुंद।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक लेकर भाग जाने के मामले में बागबाहरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को छबिलाल पटेल निवासी पिलवापाली थाना पिथौरा ने बताया कि वह कान्हा राईस मिल पिथौरा में हमाली का काम करता है। 17 जून को दोपहर लगभग 01 बजे अपने काम से पिथौरा आया था। ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति मिला, जिसे वह नहीं जानता, उसने बागबाहरा जाने वाली बस छूट जाने की बात कहकर बागबाहरा तक छोड़ने का अनुरोध किया, इसके बाद प्रार्थी उसे अपनी मोटर सायकल बजाज सीटी 100 क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 8968 से बागबाहरा तक छोड़ने आया। बागबाहरा पहुंचने के बाद उस व्यक्ति ने मुझे काम है कहकर दो मिनट के लिए मोटर सायकल मांगी, जिस पर मैंने उसे मोटर सायकल दे दी और वह व्यक्ति मोटर सायकल लेकर चला गया और बहुत देर तक वापस नहीं आया। बागबाहरा पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 316(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## मौसम : खाद संकट से बढ़ी किसानों की चिंता

# अच्छी बारिश के इंतजार में किसान, धान की बोआई पिछड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



हिरमी अंचल के मोहरा, भालेसूर एवं मुसवाडीह क्षेत्र में अब तक अच्छी बारिश नहीं होने के कारण खरीफ खेती का कार्य पिछड़ता जा रहा है। धान की बोआई अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। खाद की कमी और अनिश्चित मौसम ने किसानों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि सहकारी समितियों से आवश्यकता के अनुरूप खाद नहीं मिल रही है। वहीं पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है, जिसके कारण बोआई कार्य प्रभावित हो रहा है। हालांकि कुछ साधन-संपन्न किसान बोरवेल के माध्यम से खेतों को थरहा देकर खेती कार्य शुरू कर रहे हैं, लेकिन क्षेत्र में जलस्तर में अब तक कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है।लगातार अच्छी बारिश नहीं होने के कारण कई बोरवेलों का वाटर लेवल नहीं बढ़ पाया है। ग्राम पंचायत मोहरा की नल-जल योजना सहित क्षेत्र के कई बोरवेल अभी भी सूखे पड़े हैं, जिससे सिंचाई और पेयजल दोनों की समस्या बनी हुई है। छोटे और सीमांत किसान पूरी तरह मानसून पर निर्भर हैं और अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।किसानों ने शासन-प्रशासन से पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने तथा जल संकट के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की बोआई और खरीफ फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। क्षेत्र के किसानों की निगाहें अब मानसून की अगली बारिश पर टिकी हुई हैं।

# शाला प्रवेश उत्सव में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशिव में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल शामिल हुईं। उनके आगमन पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर आत्मीय स्वागत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताराशिव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। वहीं, पिछले शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित अध्ययन, अनुशासन, समय का सदुपयोग तथा माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, उन्हें साकार करने के लिए दृढ़ संकल्प और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही डिजिटल युग में ज्ञान के साथ संस्कारों को भी समान महत्व देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत ताराशिव के सरपंच, वरिष्ठ ग्रामीणजन, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के सदस्य एवं परिवारजन प्रातःकाल रामसागर तालाब के समीप स्थित गंगेश्वर मंदिर में एकत्रित हुए और भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव के महाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक से हुई। इसके पश्चात सामूहिक आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लेकर समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

समाज के वरिष्ठ सदस्य जुगल भट्टर ने महेश नवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति का प्रतीक है तथा समाज को एकता, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आयोजन में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। मंदिर परिसर पूरे समय /"हर-हर महादेव/" एवं /"जय महेश/" के जयघोष से गूंजता रहा।

महेश नवमी के उपलक्ष्य में समाज द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया तथा वृंदावन कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अंत में प्रसाद वितरण कर समाज की उन्नति एवं कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में दिलीप माहेश्वरी, जुगल भट्टर, महेंद्र भट्टर, नरेश भट्टर, अरुण माहेश्वरी, प्रदीप माहेश्वरी, प्रियंक माहेश्वरी, पवन माहेश्वरी, विकास माहेश्वरी, आशीष श्रीधर भट्टर, विकास, आयुष, हर्षित माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वहीं सोमा भट्टर, मीना नत्थानी, गार्गी माहेश्वरी, श्याम भट्टर, श्वेता माहेश्वरी, रानू माहेश्वरी, श्रुति माहेश्वरी, प्राची पूरन, पायल भट्टर, पूनम माहेश्वरी एवं वर्षा माहेश्वरी सहित महिलाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही।

# बिहार के भोजपुर में युवा के एनकाउंटर पर भाटापारा में विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- जय स्तंभ चौक में हुई श्रद्धांजलि सभा में दिखा गम और गुस्से का माहौल

बिहार के भोजपुर जनपद के बिलौटी गांव निवासी भरत तिवारी की पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत के संबंध में प्रशासन की ओर से जो जानकारी सामने आ रही है। उसके अनुसार युवक को सिरफिरा एवं हथियारों के उपयोग के मद्देनजर एनकाउंटर की आवश्यकता प्रशासन द्वारा बताई जा रही है। वहीं शोसल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से जो जानकारी उभरकर सामने आ रही है। उसके अनुसार युवक के द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा गोली चलाए जाने की बात उभर रही है एवं यही परिस्थिति जनमानस के बीच भ्रम एवं संसय को जन्म दे रही है तथा पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठने का सिलसिला जारी है,इसके अलावा युवक की पृष्ठभूमि जो उभरकर सामने आ रही है उसमें उसका व्यक्तित्व अव्यवस्थाओं के लिए लड़ने वाले जागरुक युवा के रुप में प्रदर्शित हो रही है और यही सब परिस्थितियां जनमानस के बीच संवेदना पीड़ा और आक्रोश का सबब बनती हुई प्रतीत हो रही है।

देशभर में उठ रहे गम एवं गुस्से के गुबार तथा उच्चस्तरीय जांच तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की झलक भाटापारा में भी दिखाई दे रही है तथा जयस्तंभ चौक में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में युवाओं एवं विभिन्न प्रकल्पों के नागरिकों द्वारा कैंडल प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए समस्तजनों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समूचा वातावरण दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग तथा भरत तिवारी अमर रहे नारे से गूंज उठा,श्रद्धांजलि सभा मे बड़ी संख्या मे सर्व समाज के युवाओं सहित नागरिक उपस्थित थे।



### आत्मसमर्पण के बाद एनकाउंटर के आरोपों से उठे सवाल

आत्मसमर्पण के बाद भी गोली चलाए जाने के सामने आते तथ्य ही जनमानस को उद्वेलित एवं आक्रोशित करते हुए प्रतीत हो रहें है तथा देशभर मे पुलिस कार्रवाई को लेकर सवालों का सिलसिला जारी है जनमानस का यह कहना है कि यदि यह सिद्ध हो जाता है कि आत्मसमर्पण के बाद भी एनकाउंटर हुआ है तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए इसके लिए आवश्यक है उच्चस्तरीय जांच जिससे वाजिब तथ्य सामने आ सकें।

## निधन

### डोमन दास वैष्णव

**भाटापारा।** महावीर वार्ड निवासी



डोमन दास वैष्णव का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रावणभाठा मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश वैष्णव के बड़े भाई एवं छत्तन वैष्णव, राजू. भुनेश्वर वैष्णव के पिता थे एवं यशवंत वैष्णव, योगेश वैष्णव के बड़े पिताजी थे।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 30 को

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 जून 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शासकीय आईटीआई, ग्राम लभराखुर्द में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उपसंचालक रोजगार डॉ. शशि अतुलकर ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्थाएं स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड, स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी एनआईटी लिमिटेड, प्रेम सोलर एनर्जी एंड इंटरप्राइजेज, यूनिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड तथा एलआईसी महासमुंद द्वारा भर्ती की जाएगी।

### राज्य वक्फ बोर्ड के निर्णय का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

**हथबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देश का मुस्लिम समाज ने स्वागत किया है। जामा मस्जिद हथबंद के संरक्षक मुबारक हुसैन ने वक्फ बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति में दिये गये निर्देश की व्याख्या करते हुए जुमा नमाज में उसका एलान किया।



मोहर्रम, उर्स और दिगर इस्लामी आयोजन में केवल कुर आन ए करीम और हदीस में दिये गये तौर तरीकों का पालन किया जाए। मोहर्रम, उर्स और दिगर मजहबी आयोजन में डीजे, धुमाल, बेंड बाजा, आतिशबाजी, नाच-गाना व अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। इन निर्देशों का पालन करना स्थानीय प्रबंधन समिति द्वारा अनिवार्य होगा।समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने कहा कि इन निर्देशों से समाज में फैली कुरीतियों पर भी रोक लगेगी। समाज में फैले आडम्बर, फिजुल खर्च पर भी नियंत्रण होगा। समाज हित में व कौम की उन्नति खुशहाली में यह कदम प्रशंसनीय है।

## एक देश, एक विधान' के संकल्प को नेताओं ने किया याद

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। विदित हो कि देशभर में 23 जून को भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने नगर के नए बस स्टैंड एवं व्यवसायिक परिसर पहुंचकर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि उनके नारे एक देश दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। उनको याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके जम्मू कश्मीर और बंगाल के संघर्ष को देश हमेशा नमन करता रहेगा। नेताओं ने बताया की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का हटना ही डॉक्टर मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर बलौदा बाजार नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न स्थानों पर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि और पति की गई तथा संगोष्ठी का भी आयोजन कर उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, खोडास राम कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कौशल्या वर्मा, नरेश केसरवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, नंदकुमार साहू, महेंद्र साहू, रोहित साहू, अमितेश नेताम, जितेंद्र डार्सेना, पार्षद मनोज, कांत पुरैना, धनेश्वरी वर्मा, मंजू सोनी, सरिता मार्के, मनीष कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल, जितेंद्र महले, जामवंत वर्मा, नेतराम साहू, परवेज खान, कृष्ण सेन, शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### केसला शक्ति केन्द्र में पं. मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी

खरोरा। केसला शक्ति केन्द्र में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस



अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उनके राष्ट्र हित में किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता, एकता और विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार और आदर्श आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने पं. मुखर्जी जी के बताए मार्ग पर चलने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। सचिन अग्रवाल, शिवलाल देवांगन, लक्ष्मण देवांगन, शंकर देवांगन, कामता प्रसाद देवांगन, भुनेश्वर सिन्हा सहित राम देवांगन, रामकुमार देवांगन, राजेश निर्मलकर, संतोष देवांगन एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनएमएमएस परीक्षा में दो बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा विद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की छात्रा किंजल देवांगन, नीलम सायतोड़े ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इन विद्यार्थियों को आगामी वर्षों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होगा।



विद्यालय के संस्था प्रमुख सुश्री जीरा पाध्याय एवं शिक्षक गण चंद्रशेखर साहू, प्रीति वर्मा, रामकरण वर्मा, सोनाली शर्मा, दुर्गेशनंदिनी, नीलम एक्का तथा समस्त स्टॉप के द्वारा सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। लगातार 3 वर्षों से बच्चे चयनित हो रहे है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने सफल विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया